तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 4 अप्रैल 2025



14 देवी मंदिरों में जगमगा रहे जोत, पंचमी पर माता का किया विशेष...



12 पुरानी कलेक्टर दर पर होगी रजिस्ट्री ...











## नवरात्रि विशेष



### सप्तमी : कालरात्रि

माता दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि नाम से विख्यात है। सातवें नवरात्रि की मां कालरात्रि के पूजन का विधान है। मां का यह स्वरूप अत्यंत भयानक है। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में बिजली की भांति चमकने वाली माला है। लेकिन मां का यह रुप सदैव शुभ फल देने वाला है। इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी भी है। मां कालरात्रि अपने भक्तों को दुष्टों से बचाने वाली है। कालरात्रि मां ग्रह बाधा को दूर भगाती है। मनुष्य को मन से कालरात्रि की अवश्य करना चाहिए। मां कालरात्रि उपर से उठे हुए दाहिने हाथ अभयमुद्रा में है। बांया तरफ के उपर वाले हाथ में लोहे का कांटा और नीचे वाले हाथ में खडग है। माता के इस रुप की पूजा करने वाले भक्त का मन सहस्रार चक्र में स्थित रहता है। मां की पूजा मात्र से भक्तों के सारे कष्ट दूर होने लगते हैं। उसके लिए ब्रह्मांड की संपूर्ण सिद्धियों के द्वार खुलने लगते हैं। इनकी पूजा- करने वाले को अग्नि भय,जल भय, शत्रु भय, रात्रि भय कभी नहीं होते। इन मां की कृपा से भक्त सर्वथा भय से दूर रहता है। मां कालरात्रि भक्तों को सदैव सुख देने वाली है। इनकी उपासना का श्लोक है-

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता।
लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषणा।
वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी ॥

## खबर संक्षेप

### गोण्डवाना गोंड़ महासभा की बैठक 6 को

**बालोद**। छत्तीसगढ़ गोण्डवाना गोंड़ महासभा जिला बालोद की मासिक बैठक 6 अप्रैल को दोपहर 12 बजे सिवनी स्थित गोंडवाना भवन में रखी गई है। बैठक में जिला स्तर पर महाधिवेशन एवं रानी दुर्गावती का शहादत दिवस मनाने के संबंध में चर्चा की जाएगी। उक्त जानकारी देते हुए जिला अध्यक्ष प्रेमलाल कुंजाम ने बैठक में जिला स्तर के सभी पदाधिकारी, बालोद, गुरुर, गुण्डरदेही, डौंडी, दल्लीराजहरा, डौंडीलोहारा एवं अर्जुन्दा तहसील अध्यक्ष व उनके सभी पदाधिकारी, समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष तथा महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ व अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारियों से उपस्थित होने की अपील की है।

## अपराध

### कोडेकसा व धोबेदंड क्षेत्र का माहौल तनावपूर्ण लेकिन नियंत्रण में

# श्रमिक गुटों और ग्रामीणों में विवाद के बाद हुई मारपीट, लात-घूसों के साथ लाठी से हमला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| दल्लीराजहरा

गुरुवार की सुबह लगभग 11 बजे दल्लीराजहरा क्षेत्र में दो श्रमिक ग्रामीणों के गुटों में चला लाठी ,डंडा, लात, घूसे और और इस विवाद के चलते कोडेकसा, धोबेदंड क्षेत्र का माहौल पूरी तरह तनावपूर्ण हो गया। स्थिति को नियंत्रित करने भारी संख्या में पुलिस बल बुलाना पड़ा। हालांकि राजहरा पुलिस ने सूझबूझ का परिचय देते हुए मामले को शांत कराया। वहीं, दोनों पक्षों के खिलाफ में नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई। विभिन्न धाराओं के अंतर्गत दोनों पक्षों की ओर से 6 से अधिक लोगों के खिलाफ में मामला दर्ज किया गया। इस विवाद के पीछे एक वीडियो को भी कारण बताया जा रहा है।

इस बीच बीएसपी की भारी चूक उभर कर सामने आई। बिना सुरक्षा के पैलेट प्लांट में कार्य कर रहे दिगर प्रदेश के युवक की मौत हो गई। जगन्नाथ पैलेट प्लांट में 50 फीट ऊंचाई से गिरकर एक मजदूर की मौत हो गई। घटना बुधवार देर शाम की है। बताया जा रहा है कि श्रवण कुमार (42) को सुरक्षा बेल्ट पहनने की जानकारी नहीं थी। वह फेब्रिकेशन का कार्य कर रहा था और ऊंचाई पर काम करते समय फिसलकर नीचे गिर गया। मृतक मजदूर का नाम श्रवण कुमार साहू (उम्र 42 वर्ष) है। वह मूल रूप से यूपी के मांगी, थाना नबीनगर, जिला औरंगाबाद का निवासी था और प्लांट के गेट क्रमांक 1, कोविड सेंटर, कोन्डे माइंस रोड पर रह रहा था।

### जगन्नाथ पैलेट प्लांट में 50 फीट की ऊंचाई से गिरकर एक मजदूर की मौत के बाद भड़का आक्रोश







### परिवार वालों के आने का इंतजार

जानकारी के मुताबिक, गिरने से उसे गंभीर चोटें आईं, जिसके बाद उसे तुरंत चिखलाकसा अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे वापस भेज दिया गया, लेकिन अंदरूनी चोट के कारण उसकी स्थिति बिगड़ने लगी और रास्ते में मौत हो गई। युवक की मौत के बाद फिलहाल राजहरा पुलिस ने शव को फ्रीजर में सुरक्षित रखवाया है। परिवार का इंतजार किया जा रहा है। परिजन के आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।





### घटनास्थल छावनी में तब्दील

बताया जा रहा है कि माहौल और गरमाने की आशंका को देखते हुए भारी पुलिस बल और छावनी के रूप में तब्दील कर दिया गया है। फैक्ट्री क्षेत्र और आसपास के गांवों में भारी तनाव व्याप्त है। इस घटनाक्रम को देखते हुए मजदूर यूनियन के बड़े नेता भी मौके पर पहुंच रहे हैं, जिससे माहौल और गरमाने की आशंका जताई जा रही है।

### घटना के बाद दो गुटों ने किया प्रदर्शन

दल्लीराजहरा स्थित प्लांट में घटना के बाद मजूदरों के दो अलग-अलग गुटों ने प्रदर्शन किया। हादसे को लेकर गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है। गुरुवार सुबह हालात और बिगड़ गए जब धरना दे रहे मजदूरों के पंडाल को दूसरे पक्ष ने आग के हवाले कर दिया और मारपीट शुरू हो गई। इस बढ़ते तनाव को देखते हुए राजहरा पुलिस के अलावा आसपास के थानों से भी अतिरिक्त बल बुलाया गया है। प्रदर्शन में एक गुट उन मजदूरों का था, जिन्हें पहले प्लांट से निकाला गया था और जो अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से प्रदर्शन कर रहे थे। दूसरा गुट धोबेदंड गांव के वे मजदूर थे, जो अभी प्लांट में काम कर रहे हैं।

### उठ रहे कई सवाल

युवक की मौत के साथ ही कई सवाल उठने लगे हैं। पहला यह कि क्या प्लांट में सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा था। यदि किया जा रहा था तो युवक को क्या जरूरी सुरक्षा उपकरण देने के साथ उसके उपयोग के लिए प्रशिक्षण दिया गया था? वहीं इसके साथ ही दुर्घटना के बाद पहले जब मजदूर को अस्पताल ले जाया गया था, वहां लापरवाही तो नहीं हुई ? श्रवण को प्राथमिक उपचार के बाद वापस भेज दिया गया, लेकिन बाद में अंदरूनी चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गई। यह जांचने की जरूरत है कि क्या अस्पताल में समुचित इलाज मिला या नहीं। मजदूरों में असंतोष घटना के बाद प्रदर्शन और झड़पें यह दर्शाती हैं कि प्लांट में पहले से ही मजदूरों में असंतोष था। क्या यह केवल हादसे का नतीजा है, या पहले से भी कोई प्रबंधन से असहमति थी?अगर मजदूरों के दो गुटों में तनाव बढ़ रहा है, तो यह स्थिति और खराब हो सकती है। स्थानीय प्रशासन को जल्द से जल्द समाधान निकालना होगा। यह घटना न केवल श्रमिकों की सुरक्षा के लिए एक चेतावनी है, बल्कि औद्योगिक इलाकों में श्रम कानूनों के प्रभावी क्रियान्वयन की जरूरत को भी रेखांकित करती है।

# 18 दिनों से हड़ताल पर बैठे हैं पंचायत सचिव, शासन की ओर से कोई पहल नहीं



हरिभूमि न्यूज ▸▸| डौंडीलोहारा

प्रदेश पंचायत सचिव के प्रांतीय आह्वान पर विकासखंड डौंडीलोहारा के 120 ग्राम पंचायत के समस्त सचिव अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। हड़ताल के 18 दिन पूर्ण हो जाने के पश्चात भी शासन स्तर से सचिवों के एक सूत्रीय मांग पंचायत सचिवों की शासकीयकरण कर आदेश जारी नहीं किया गया, जिसे विधानसभा चुनाव के पूर्व मोदी की गारंटी में शामिल किया गया था। सचिवों का शासकीयकरण 100 दिवस के भीतर पूर्ण किया जाएगा किंतु विधानसभा निर्वाचन, लोकसभा निर्वाचन एवं पंचायत निर्वाचन संपादित होने के पश्चात भी सचिवों के मांग की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

आंदोलनकारियों ने बताया कि

- सरकार पर वादाखिलाफी करने का लगाया आरोप

अनिश्चितकालीन हड़ताल को और उग्र रूप देते हुए 7 अप्रैल को अपने-अपने जिला मुख्यालय में रैली निकालकर प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे।

शासन को जगाने के लिए अपनी मांगों को मनवाने के लिए ब्लॉक मुख्यालय में निर्धारित तिथि अनुसार नगाड़ा बजाकर विरोध प्रदर्शन, रामायण गान कर विरोध प्रदर्शन, क्रमिक भूख हड़ताल, सरकार को सद्बुद्धि के लिए हनुमान चालीसा पाठ की रणनीति तैयार की गई है।

धरना प्रदर्शन स्थल में सचिव संघ के अध्यक्ष चूनू राम, सचिव मेनन सिंह अटल, उपाध्यक्ष दिनेश गंजीर, राजेश्वरी पटेल, सलाहकार देवलाल मालेकर, द्वारिका चौधरी, खिलावन ठाकुर, भूपेंद्र यादव, गोविंद साहू, महेंद्र बागमरिया, लक्षण पटेल, टुमन बालेन्द्र, शिव साहू, विदेश जननायक सहित ब्लॉक के 120 ग्राम पंचायत के सचिव धरना प्रदर्शन स्थल पर डटे रहे।






### गुरूवार को सुबह से मौसम ने ली करवट, हुई बूंदाबांदी, गर्मी से मिली कुछ राहत

# धान लगाने वाले किसान कर रहे बारिश की कामना, सब्जी भाजी वाले न होने की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

बारिश की प्रार्थना कर रहे किसानों को पिछले कई दिनों से आसमान में छा रहे बादल से बारिश की उम्मीद जाग रही है, लेकिन थोड़े बूंदाबांदी के अलावा अच्छी बारिश देखने को नहीं मिल रही है।



जिले में गुरूवार को सुबह से ही मौसम ने करवट ली और आसमान में घने बादल नजर आने लगे और जिले के कई जगहों पर हल्की बूंदाबांदी भी देखने को मिली। जहां सुबह हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई, वहीं दोपहर आते आते तेज हवाओं के साथ आंधी चलने लगी। दोपहर के बाद भी हल्की बूंदाबांदी जिला मुख्यालय में देखने को मिली। जहां एक ओर गर्मी फसल में किसानों द्वारा लगाए गए धान की फसल को पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण कई बोर बंद होने व फसल खराब होने की खबरें आ रही हैं, वहीं दूसरी ओर बदलते मौसम में इस बार किसान वर्षा होने की प्रार्थना कर रहे हैं। वहीं, गर्मी के प्रचंड गर्मी की शुरूआत होने के बाद अचानक मौसम में बदलाव आने से मौसम सुहावना हो गया है, जिससे गर्मी से लोगों को थोड़ी बहुत राहत मिलने की संभावना बनी हुई है। बताया जा रहा है कि यह बारिश सब्जी भाजी की फसल के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है, क्योंकि अचानक बारिश होने से सब्जी की सफल खराब होने के साथ ही उनमें कीड़े लगने तथा फसल खराब होने की आशंका बढ़ जाती है। ऐसे में जहां धान लगाने वाले किसान फसल बचाने के लिए वर्षा की प्रार्थना कर रहे हैं, तो वहीं दूसरी ओर सब्जी भाजी की फसल लेने वाले किसान वर्षा नहीं होने की प्रार्थना कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### निगम पदाधिकारियों ने महापौर का जताया आभार

**दुर्ग।** निगम के कर्मचारियों के लिए बड़ी राहत की खबर आने के बाद महापौर श्रीमती अलका बाघमार को पुष्पगुच्छ देकर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजय मिश्रा, महामंत्री अनिल सिंह, ईश्वर वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल, विद्युत यांत्रिकी विभाग प्रभारी ज्ञानेश्वर ताम्रकर उपस्थित थे। बता दे कि विगत दिनों आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निगम के सभी नियमित कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम ओपीएस की राशि दिसंबर 2024 तक और न्यू पेंशन स्कीम एनपीएस की राशि फरवरी 2025 तक उनके खातों में जमा करवाए हैं। जानकारी के मुताबिकए यह राशि लगभग चार करोड़ से अधिक बताई गई है।

### मृतक के परिजन को मिली आर्थिक सहायता

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्घटना में मृतक के परिजन को 16 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कौही तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी मनोज कुमार साहू की विगत 10 अगस्त 2022 को नाले में बह जाने से, उरला तहसील भिलाई 03 जिला दुर्ग निवासी रवि साहू की विगत 15 जुलाई 2022 को नहाते समय पानी में डूबने से, वार्ड नंबर 37 गंजपारा तहसील व जिला दुर्ग निवासी शेखर सोनकर की विगत 19 मार्च 2024 को करंट लग जाने से, प्लॉट नं. 20 देवांशी नगर धनोरा जिला दुर्ग निवासी प्रीतबाई की विगत 17 अप्रैल 2023 को आग में जल जाने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप मृतक के वैध वारिसानों को 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### मोहभट्ठा स्कूल में न्योता भोज

**बांधाबाजार।** प्राथमिक शाला मोहभट्ठा की कक्षा दूसरी के छात्रा काव्या धलेन्द्र के जन्मदिवस के अवसर पर उनके शिक्षक पिता रेशकुमार धलेन्द्र एवं माता पूर्णिमा धलेन्द्र ने प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन किया। दो शाला के बच्चों को चावल, दाल, सब्जी, खीर, पुडी, पापड़, केला खिलाया गया। इस दौरान प्रधानपाठक मोहनदास साहू, सालिकराम निषाद, शिक्षक भारतलाल भोले, सत्येंद्र ताम्रकार, जय प्रकाश टेकाम, कुमेन्द्र साय, भुनेश्वर चुरेन्द्र, गजानंद नेताम, पार्वती, सुनीता निषाद,रामेश्वरी, दुखियाबाई, अंजोराबाई आदि उपस्थित थे।

### पानी का दोहन, पंप जब्त

**डोंगरगांव।** शिवनाथ नदी से पानी के दोहन करने के मामले में कार्रवाई करते हुए दो पम्पों को जप्त किया गया है। नदी से अवैध रुप से पानी के दोहन करने की लगातार शिकायत मिलने के बाद गत एक अप्रैल को सुखरी में राजस्व विभाग, जल संसाधन विभाग ने पुलिस के सहयोग से सिंचाई प्रयोजन हेतु लगे 2 नग पंपों को जब्त किया। पंचनामा कर पंपों को जल संसाधन विभाग को सुपुर्द किया गया है। कार्रवाई में नायब तहसीलदार झरना राजपूत, राजस्व निरीक्षक अर्जुनी रामजी साहू, पटवारी अजय राणा एवं हल्का पटवारी बाबूलाल देवांगन शामिल थे।

### पंचमी को हुआ माता का श्रृंगार

**सड़क अतरिया।** नवरात्रि की पंचमी देवी मंदिरों में श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। नर्मदा मंदिर, चोरडाधाम, अन्नपूर्णा मंदिर, बंजारी मंदिर, शीतला मंदिर आदि ने अन्य दिवस की अपेक्षा पंचमी को दर्शनार्थियों की मौजूदगी अधिक रही। पंचमी पर माता रानी एवं जोत ज्वारा का विशेष श्रृंगार कर भोग लगाया गया। वही दिन भर भजन कीर्तन का दौर चला। शनिवार को सभी देवी स्थलों में महाअष्टमी मनाया जाएगा।

# स्पैरो के घोटाले की भरपाई करदाताओं से और कंपनी पर कार्रवाई से परहेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगरनिगम प्रशासन द्वारा भले ही करदाताओं से सक्ती कर स्पैरों कंपनी से दुगुना राजस्व की वसूली कर ली है। लेकिन निगम प्रशासन द्वारा राजस्व में कंपनी द्वारा किए गए गडबडी के खिलाफ कोई रिकवरी नही की गई हैं, वहीं आर्थिक अनियिमितता सामने के बाद भी अपराध दर्ज नही किया गया है। आम लोगों में इस बात की लेकर नाराजगी हैं कि, करदाताओं से टैक्स की वसूली तो कर ली गई है। लेकिन कंपनी के लापरवाही के खिलाफ अब तक कोई कार्यवाही नही की गई हैं।

उल्लेखनीय हैं कि, स्पैरों कंपनी ने टैक्स वसूली कर करदाताओं को रसीद नही दी गई और लाखों रूपए का घोटाला किया गया। इसकी करदाताओं ने निगम से लिखित शिकायत की थी, वही भौतिक सत्यापन में इसका खुलासा भी हुआ था। स्पैरों कंपनी वर्ष 2017-18 से 2023 तक ठेके पर नगरनिगम में टैक्स की वसूली की गई। कंपनी को हर साल नगरनिगम द्वारा टोटल वसूले गए राशि का सात फीसदी कमीशन दिया जाता था। कंपनी के सात साल के वसूली के आंकडे पर गौर करे तो अब तक सालाना 18 करोड रूपए तक ही वसूली की गई थी। जबकि वर्ष 2024 में कंपनी का ठेका समाप्त होने के बाद पहली नगरनिगम ने टैक्स वसूली किया और दुगुना यानि 39 करोड रूपए की वसूली कर ली। वहीं कमीशन की राशि भी नगरनिगम ने बचा ली हैं। इस बार नगरनिगम को वसूली के लिए 39 करोड रूपए का टारगेट दिया गया था।

## सामान्य सभा में कंपनी पर एफआईआर दर्ज कराने का लिया गया फैसला

### एक साल नहीं, पूरे सात साल से गड़बड़ी

विगत दिनों नगरनिगम के सामान्य सभा में स्पैरों कंपनी के घोटाले का मामला खुद भाजपा के पार्षदों ने उठाया था। जिस पर सामान्य सभा में स्पैरों कंपनी के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया। स्पैरों कंपनी वर्ष 2018 से नगरनिगम में टैक्स की वसूली कर रही हैं। अब तक तीस लाख से अधिक की गडबडी सामने आई हैं। सात साल की तुलना करे तो करोडों रूपए की वसूली निकल सकती है। कंपनी ने लोगों की संपत्ति का कम आंकलन कर टैक्स बेहद कम वसूलकर घोटाला किया गया था।




### हर माह वेतन का संकट भी होगा दूर

नगरनिगम में करीब डेढ हजार अधिकारी व कर्मचारी पदस्थ है। इन्हें हर माह निगम द्वारा तीन करोड रूपए वेतन जारी किया जाता हैं। इस हिसाब से हर साल निगम को सिर्फ वेतन में ही 36 करोड रूपए से अधिक की राशि खर्च करनी पडती हैं। इस पर वसूली में ग्रोथ से न सिर्फ निगम प्रशासन बल्कि कर्मचारियों में इस बात की चर्चा है कि, उन्हें वेतन के लाले नही होने पडेगें। इस मामले में पक्ष जानने आयुक्त सुमीत अग्रवाल से संपर्क किया गया। लेकिन उन्होने फोन रिसिव नही किया।

## रियल स्टेट : कलेक्टर दर लागू करने में देरी, अब 15 अप्रैल के बाद फैसला

# पुरानी कलेक्टर दर पर होगी रजिस्ट्री पन्द्रह दिन देरी का मिलेगा फायदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

## जिला मूल्यांकन समिति की अब तक बैठक नहीं, पुरानी दर रहेगी लागू

हर साल एक अप्रैल को नया कलेक्टर गाइड लाइन दर लागू हो जाता है। लेकिन इस बार अब तक जिला मूल्यांकन समिति ने दर का निर्धारण नही किया है। ऐसे में रियल स्टेट की खरीदी बिक्री पुराने कलेक्टर दर से होगी। खबर है कि, अब नया दर पन्द्रह अप्रैल के बाद ही लागू होगा। ऐसे में अनुमान लगाया जा रहा है कि, आगामी पन्द्रह दिन में जमीन कारोबार में तेजी बनी रहेगी।

जानकारी अनुसार राजस्व से जानकारी मिलने के बाद प्रस्ताव को जिला मूल्यांकन समिति के समक्ष रखा जाएगा। बहरहाल वित्तिय वर्ष के टारगेट को पूरा करने के दबाव में अब तक जिला मूल्यांकन समिति की बैठक नही हो पाई है। बताया जा रहा है कि, आगामी पन्द्रह अप्रैल के पहले जिला मूल्यांकन समिति राज्य शासन को प्रस्ताव भेजेगी। जिसके बाद ही नया कलेक्टर दर लागू किया जाएगा। जानकारों की माने तो इस बार गाइडलाइन दर में बढोत्तरी किए जाने की पूरी तैयारी है। गौरतलब है कि, वर्ष 2017 से निर्धारित किए गए कलेक्टर गाइड लाइन का ही अब तक पालन किया जा रहा हैं।

**खास बातें**

- जिला पंजीयन को नया टारगेट और गाइड लाइन का इंतजार
- एक अप्रैल से लागू होने वाले कलेक्टर दर में इस बार देरी
- देरी का फायदा पक्षकारों को मिलेगा, पन्द्रह दिन के बाद तय



### इस साल रियल स्टेट में 92 फीसदी कारोबार

दुर्ग जिले में वर्ष 2001 से अब तक सबसे ज्यादा 404 करोड 40 लाख रूपए का कारोबार दर्ज किया गया है। जिला पंजीयन को राज्य शासन द्वारा 437 करोड का सालाना टारगेट दिया गया था। जिसमें 404 करोड 40 लाख रूपए की वसूली 31 मार्च 2025 तक हो गई हैं। यह वसूली पिछले 23 साल से अधिक पर हैं। विगत 31 मार्च को देर रात साढे नौ बजे तक रजिस्ट्री की प्रक्रिया चलती रही।

### पिछले साल 342 करोड़ रुपए की आय

जिला पंजीयक को पिछले साल वर्ष 2023-24 में 342 करोड रूपए का आय प्राप्त हुआ था। इस बार कलेक्टर दर में तीस फीसदी छूट दिया गया था। जिसे भाजपा की सरकार ने बंद कर दिया था। ऐसे में माना जा रहा था कि छूट बंद होने से राजस्व पर असर पडेगा। लेकिन ऐसा नही हुआ और पिछले साल से ज्यादा का राजस्व जिला पंजीयक विभाग को प्राप्त हुआ हैं। रियल स्टेट के कारोबार पर गौर करे तो विगत वर्ष 2020-21 से वर्ष 2024-25 तक 121 करोड से बढकर 404 करोड 40 लाख रूपए तक का कारोबार दर्ज किया गया हैं।

### 92 फीसदी आय

जिले में टारगेट के मुकाबले 92 फीसदी राजस्व आय प्राप्त हुआ है। यह राजस्व अब तक का सबसे अधिक आंकडा रहा हैं। नया गाइडलाइन आने तक पुराने दर पर रजिस्ट्री होगी।
**-प्रियंका श्रीरंगे,** जिला पंजीयक दुर्ग

# अनुशासनहीनता करने वालों को नही बनाएंगे पदाधिकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- संभागस्तरीय बैठक जिला कार्यालय में आयोजित

भापजा आगामी 6 अप्रैल को स्थापना दिवस मनाने जा रही है। इसकी तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया था। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि 6 अप्रैल की स्थापना दिवस के अवसर पर हर मंडल में, हर शक्ति केंद्र में और हर बुथो पर कार्यक्रम का संपादन होना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित है। निवृत्तमान जिला अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा भाजपा की स्थापना दिवस 6 अप्रैल 1980 को हुई और प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के निर्धारित मापदंड के अनुरूप यह कार्यक्रम संपादित करेंगे। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासन में रहकर पार्टी में कार्य करेगा। भाजपा की पहचान उसका अनुशासन है। पार्टी की गाइडलाइन है कि, जो पार्टी के चुनाव के समय पार्टी के सिंबल के खिलाफ इलेक्शन लड़ता है या उसके खिलाफ कार्य करता है। पार्टी ने आज उसे निष्कासित कर दिया है और निलंबित कर दिया है। जो पार्टी के रीति-नीति के खिलाफ जाएगा। निश्चित तौर पर उसे पार्टी के अनुशासनहीनता के दायरे में आएगा। मैं समस्त मंडल अध्यक्षों से आग्रह करता हूं भूपेश बघेल की सरकार के समय जिन्होंने सता का सुख और भय के कारण पार्टी छोड़ कर पार्टी के खिलाफ गए उन्हें किसी भी कीमत पर पार्टी का पदाधिकारी नहीं बनाएंगे और साथ ही साथ उन कार्यकर्ताओं को लेकर आए जिन्होंने संघर्ष के समय पार्टी के तन मनधन सब कुछ लगाया है। पार्टी का पदाधिकारी बनाएं पार्टी के निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप सारे सदस्यों को ही पद दिया जाना चाहिए। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा हमारे नेता हमारे मार्गदर्शक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह ने सपना देखा था, पंच से लेकर पार्लियामेंट तक का सपना आप सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत के बदौलत वह पूर्ण हुआ। बैठक को दुर्ग जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र पाध्ये ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू ने किया एवं आभार जिला महामंत्री एवं विधायक ललित चंद्राकर ने किया।

# बैंक ने गबन के आरोपियों को किया बर्खास्त, कोर्ट में किया वाद दायर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर एवं प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में

- बैंक में 480 प्रकरणों में 49.33 करोड़ ऋण स्वीकृत

1 अप्रैल 2025 को ऋण उप समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ दुर्ग के संचालक सदस्य अकोश मिश्रा, उप संचालक कृषि संदीप भोईएवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. दुर्ग के सचिव के एसके जोशी उपस्थित थे।

बैठक में कुल 480 प्रकरणों का राशि 4933.68 लाख ऋण स्वीकृत की गयी। जिसमें खाद व्यवसाय हेतु नगद साख सीमा 305 समितियों के लिए राशि 4139.00 लाख, अकृषि ऋण के अंतर्गत व्यक्तिगत एवं संस्थागत नगद साख सीमा वर्ष 2025-26 के 2 प्रकरण में राशि 425.00 लाख उपभोक्ता व्यवसाय हेतु नगद साख सीमा 71 समितियों का राशि 122.50 लाख की नगद साख सीमा स्वीकृत की गई। गौपालन हेतु नवीन केसीसी साख सीमा चर्ष 2025-26 के लिए 37 प्रकरणों में 62.30 लाख. गोल्डन क्रेडिट कार्ड अंतर्गत नगद साथ सीमा नवीन एवं नवीनीकरण के 10 प्रकरण में राशि 50 लाख, मध्यकालीन व्यक्तिगत ऋण के 5 प्रकरण में राशि 37.45 लाख, गौपालन हेतु केसीसी साख सीमा नवीनीकरण के 14 प्रकरणों में 28.60 लाख, दीर्घावधि कम्बाईन हार्वेस्टर ऋण के प्रकरण में राशि 28.00 लाख, स्वयं सहायता समूह के 10 प्रकरण में राशि 12.70 लाख, मध्य कालीन नार्मल ऋण के 4 प्रकरण में राशि 6.95 लाख, फसल ऋण किसान क्रेडिट कार्ड पूरक साख सीमा वर्ष 2024-25 से 2026-27 तक 11 प्रकरणों की राशि 5.24 लाख, उद्यानिकी फसल टमाटर ऋण केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 का 5 प्रकरणों में 4.44 लाख, कुक्कुट पालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीनीकरण के 1 प्रकरण में राशि 3.00 लाख मत्स्य पालन हेतु केसीसी साख सीमा वर्ष 2025-26 के लिए नवीनीकरण के 1 प्रकरैण में राशि 3.00 लाख, कुक्कुट पालन नगद साख सीमा वर्ष 2025-20 के लिए नवीनीकरण के 1 प्रकरण में राशि 3.00 लाख, बकरी पालन नवीनीकरण के प्रकरण में राशि 1.50 लाख तथा बकरी पालन के 1 नवीन प्रकरण में 1.00 लाख राशि की स्वीकृति दी गयी।

### बैंक ने गबन पर किया वाद दायर

गबन-धोखाधड़ी एवं ऋण असंतुलन के प्रकरणों में 8 दोषी कर्मचारियों पर बैंक कर्मचारी सेवानियम अनुसार सेवा समाप्ति की कार्यवाही की गई है एवं उक्त प्रकरणों में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय स्थगन आदेश को समाप्त करने हेतु बैंक द्वारा वाद दायर किया गया है। बैठक में बैंक अधिकारी सुश्री कुसुम ठाकुर एवं विपणन अधिकारी श्री हृदेश शर्मा उपस्थित रहे।

## गर्ल्स कॉलेज में भौतिक शास्त्र विभाग का अतिथि व्याख्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय डॉ.वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भौतिक शास्त्र विभाग के तत्वाधान में एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में विषय-विशेषज्ञ द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

अतिथि व्याख्याता डॉ. अंजली अवधिया, शासकीय नागार्जुन विज्ञान स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर रहीं जिन्होनें छात्राओं को व्याख्यान प्रस्तुत किये साथ ही साथ छात्राओं को परीक्षा पूर्व तैयारी के बारे में मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर तथा बीएससी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रायें उपस्थित थी। इस कार्यक्रम से छात्रायें काफी लाभान्वित एवं प्रेरित हुए। कार्यक्रम के अंत में अतिथि व्याख्याता को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संचालन कु. पिन्टी देवी अतिथि व्याख्याता तथा आभार प्रदर्शन हीना देवांगन ने किया।

# विकास कार्य में देरी पर ठेकेदारों को जारी करें नोटिस : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



- समय-सीमा में गुणवत्तायुक्त कार्य करने के निर्देश

महापौर ने कहा ठेकेदार निर्माण कार्यो को समय सीमा के भीतर कार्यो को पूरा करें। समय पर काम नही करने वाले ठेकेदारों को नोटिस किया जाए। उन्होंने ये भी कहा कि अधिकारी निर्माण कार्यो के समय गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए और लगातार मानिटरिंग भी करे।

नगर पालिक निगम आज महापौर अलका बाघमार द्वारा डाटा सेंटर के हॉल में लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर की उपस्थित में निगम अधिकारियों के साथ सांसद निधि, विधायक निधि, महापौर निधि, पार्षद निधि जैसे अन्य नये-पुराने निर्माण कार्यो को लेकर बैठक ली। अधिकारियों को विकास कार्यो में तेजी लाने निर्देश दिए।

आम जनता की सुविधा के उद्देश्य से महापौर द्वारा निर्देशित किया कि सड़क निर्माण, नाली निर्माण, पेयजल आपूर्ति कार्य का प्रशासनिक दायित्व निर्वहन करें, अधिकारी आपस मे समन्वय रखकर हर हाल में पूरा कराए। अप्रारंभ एवं लंबित विकास कार्यो की महापौर व लोक कर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर ने कहाँ समय सीमा कार्यो की पूर्णता के बाद शेष ड्रेसिंग के कार्यो को तेजी से पूरा करवाकर सड़को के गड्ढो को बेहतर ढ़ंग से भरवाने निर्देशित किया। महापौर ने निर्देश दिया कि, वार्ड पार्षद, जनप्रतिनिधिगणों को वार्डों में ले जाकर तालाबों, उद्यानों के सुंदरीकरण सड़क, नाली के कार्यों की जानकारी दें और यह सुनिश्चित करें कि, इन विकास कार्यों का पूर्ण समुचित लाभ आमजनों को सरलता से मिल सके। इस दौरान कार्यपालन अभियंता मोहनपुरी गोस्वामी, दिनेश नेताम, वीपी मिश्रा, आरके जैन, सहायक अभियंता गिरीश दीवान,संजय ठाकुर, राजेंद्र ढाबाले, उपअभियंता विनोद मांझी, पंकज साहू, अर्पणा मिश्रा, करण यादव, विकास दमाहे, प्रेरणा सिंह के अलावा लेखाधिकारी रमाकांत शर्मा उपस्थित थे।

## सालभर में डेढ़ सौ दिन काम कराने का रहता है टारगेट

# विकलांग श्रमिकों को रोजगार देने में दुर्ग जिला अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

वर्ष 2024-25 के महिला मानवदिवस एवं विकलांग मजदूरों का रोजगार देने में जिला दुर्ग प्रथम स्थान पर है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत महिला एवं विकलांग योजनाओं राज्य में प्रथम स्थान में कार्य कर रही है।

प्रदेश में जिला पंचायत में बुधवार को रोजगार योजना दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें मानव दिवस 28 लाख 51 हजार 8 सौ 16 महिला जिसका 72.38 प्रतिशत मानव दिवस उपलब्ध कराया गया है। वही विकलांग में राज्य में प्रथम स्थान में 71.85 प्रतिशत है। विकलांग 789 को रोजगार दिया गया है। वही महिला मजदूरों को मातृत्व भत्ता हेतु 30 दिवस का राशि दिया गया। जिसमें जनपद पंचायत दुर्ग को 33 महिला मजदूरों, जनपद पंचायत धमधा में 13 महिला मजदूरों, जनपद पंचायत पाटन में 29 महिला मजदूरों का कुल 75 महिलाओं को लाभ मिला है।

### टारगेट से अधिक रहा मानव दिवस

मनरेगा के तहत कुल मनरेगा मार्च मानव दिवस का लक्ष्य 32 लाख 81710 दिया गया है। जिसमें मानव दिवस 39 लाख 39588 यानि प्रतिशत 120.05 मानव दिवस का लक्ष्य प्राप्त किया है। जो वह मार्च 2025 तक 120.05 प्रतिशत प्राप्त किया गया हैं योजना महिला की भागीदारी अव्वल रहा हैं साथ ही योजना में मजदूरों को अधिकारी संख्या में रोजगार दिया गया है।



### तीनों जिले में डिमांड के अनुसार रोजगार

सीईओ बजरंग कुमार दुबे बताया वित्तीय वर्ष 2024-25 में दुर्ग में 28 लाख 51 हजार 8 सौ 16 महिला जिसका 72.38 प्रतिशत मानव दिवस उपलब्ध कराया गया। जिले में राज्य से प्राप्त मानव दिवस लक्ष्य 32 लाख 81710 के विरूद्ध में 39 लाख 39588 मानव दिवस उपलब्ध कराया गया जो 120.05 प्रतिशत हैं। दुर्ग जनपद पंचायत में 119.35 प्रतिशत, पाटन जनपद पंचायत 120.19 प्रतिशत, धमधा जनपद पंचायत 120.44 प्रतिशत मानव दिवस रहा है। विकलांग 7 सौ 89 श्रमिकों को रोजगार दिया गया है।

## तीन वार्ड में बनेगी सड़क विधायक ने किया भूमिपूजन

**दुर्ग।** विधानसभा क्षेत्र के 3 वार्डों में सीमेंटीकरण सड़क बनाने की शासन से स्वीकृति मिलने पर विधायक गजेन्द्र यादव ने स्थानीय पार्षद व नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया। क्षेत्र की जनता ने सड़क खराब होने के कारण आने जाने में हो रही समस्या से अवगत कराते हुए सीसी रोड की मांग किये थे, जिससे आवागमन बेहतर हो सके। भूमिपूजन में वार्ड 2 में दो स्थान पर, वार्ड 3 में दो स्थान और वार्ड 51 में एक स्थान पर सीमेंटीकरण सड़क बनाया जायेगा। इस दौरान एमआईसी मेंबर नरेंद्र बंजारे, पार्षद साजन जोसेफ, गोविन्द देवांगन, मंडल अध्यक्ष कमलेश फेकर, कौशल साहू, दिलीप साहू, सुमन वर्मा, अमित पटेल, उत्तम साहू, अक्षत झा, राहुल दीक्षित, पीयूष मालवीय, किशोर अहिरवार, विपिन चावड़ा, अजय नारायण, नवीन साहू, मनोज सोनी उपस्थित रहे।



**खबर संक्षेप**

## प्रयास आवासीय में प्रवेश के लिए परीक्षा 20 को

**बालोद।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजनांतर्गत प्रदेश के आदिवासी उपयोजना क्षेत्र तथा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रयास आवासीय में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 9वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 20 अप्रैल को ली जाएगी। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि परीक्षार्थियों को 20 अप्रैल को सुबह 09 बजे उपस्थित हो जाना है। कक्ष परीविक्षक द्वारा ओएमआर भराने का समय 09.30 बजे तथा परीक्षा प्रारंभ एवं समाप्ति का समय सुबह 10 बजे से दोपहर 01 बजे तक निर्धारित है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थी परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रवेश पत्र वेबसाईट से डाउनलोड कर सकते हैं।

## भाजपा स्थापना दिवस पखवाड़ा 6 से

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस 6 अप्रैल से संविधान निर्माता डॉ. भीमराय अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक सेवा पखावाड़ा का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर बीजेपी जिला संगठन की बैठक हुई, जिसमें यह निर्णय लिया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, संमाग प्रभारी विक्रांत सिंह प्रमुख रूप से मौजूद थे। बैठक प्रियदर्शनी परिसर सुपेला में आयोजित की गई। विक्रांत सिंह ने कार्यक्रम से जुड़ी जानकारी दी। इस दौरान एक देश एक चुनाव, वक्फ बोर्ड बिल में संशोधन बिल, स्थापना दिवस पर हर घर झंडा अभियान, संगोष्ठी, 8 एवं 9 अप्रैल को सक्रिय सदस्य सम्मेलन, गांव चलो अभियान, 13 अप्रैल को शाम को अम्बेडकर की मूर्ति की सफाई व माल्यर्पण सहित अन्य कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। बैठक में प्रेमलाल साहू, बिजेन्द्र सिंह, जागेश्वर साहू, बृजेश बिचपुरिया, वीरेन्द्र साहू, महेश वर्मा, सांवला राम डाहरे, नटवर ताम्रकार, रेखराम बंछोर, लिमन साहू, तुलसी साहू, निर्मला यादव, स्वीटी कौशिक आदि मौजूद थे।

**निधन**

## कन्हैया लाल साहू



**बालोद।** संजय नगर बालोद निवासी कन्हैया लाल साहू 88 वर्ष का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम बालोद में किया गया। वे टेलर पुनीत के पिता और अधिवक्ता भेष कुमार साहू के बड़े पिता थे।

### ग्राम खैरवाही में धूमधाम से मनाया गया परिक्षेत्र स्तरीय माता कर्मा जयंती महोत्सव

# भक्त माता कर्मा व मां शीतला की पूजा कर महिलाओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

विकासखण्ड के ग्राम खैरवाही में परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। माता कर्मा एवं शीतला माता की पूजा अर्चना के बाद ग्रामीण महिलाओं ने बाजे-गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली।

साहू समाज सहित अन्य समाज के लोगों ने माता कर्मा के छायाचित्र की जगह जगह स्वागत कर आरती उतारी। शीतला माता मंदिर परिसर के पास कार्यक्रम स्थल के पास कलश यात्रा वापस पहुंची, जहां कलश की विधिवत स्थापना की गई। जहां भक्त माता कर्मा से आधारित प्रहसन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की ग्रामीण बच्चों ने प्रस्तुति दी, जिसे अतिथियों ने खूब सराहा एवं पुरस्कृत भी किया। प्रदेश साहू संघ सलाहकार पवन साहू ने कहा कि मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश एवं राजस्थान में माता कर्मा के अनेक भजन गाते हैं। माता कर्मा भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी का भोग लगाती थी। भगवान भाव के भूखे होते हैं। उन्होंने सरपंच की मांग पर सामुदायिक भवन बनाने का आश्वासन दिया।

तहसील अध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू ने कहा कि माता कर्मा त्याग, तपस्या की। उन्होंने समाज में धर्मांतरण को लेकर चिंता जाहिर की। उन्होंने बताया कि 13 अप्रैल को तहसील स्तरीय कर्मा महोत्सव दो समाज मिलकर कर्मा महोत्सव एवं 50 लाख रुपये से निर्मित भवन का लोकार्पण समारोह का आयोजन होगा। उन्होंने उक्त कार्यक्रम में सभी माताओं से पीले वस्त्र धारण कर शामिल होने का आग्रह किया।





### सरपंच ने रखी विभिन्न मांगें

जिला साहू संघ उपाध्यक्ष रामदयाल साहू ने कहा कि माता कर्मा समाज की कुल देवी हैं। सरपंच पूर्णिमा सिन्हा ने खैरवाही में सामुदायिक भवन, शीतला मंदिर के पास टीना शेड एवं गांव से तालाब मार्ग में सी सी रोड की मांग की। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि साहू समाज बहुसंख्यक समाज है। कार्यक्रम को भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू व जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने भी संबोधित किया।

### जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका ने दिया आश्वासन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य चंद्रिका गंजीर ने सरपंच की मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। गुरुर परिक्षेत्र अध्यक्ष योगेश साहू ने स्वागत भाषण करते हुए सचिव प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। तहसील कोषाध्यक्ष खेदूराम साहू, कोलिहामार परिक्षेत्र अध्यक्ष भारत सार्वा, जनपद सदस्य दिनेश्वरी सिन्हा, संगठन मंत्री जानकी साहू, प्रचार मंत्री भागा बाई साहू अतिथि के रुप में शामिल थे। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मोती राम साहू, ग्रामीण अध्यक्ष दिलीप साहू, सचिव महेश्वर साहू, भोजराम साहू, महिला उपाध्यक्ष गितेश्वरी साहू, रोशन साहू, थानसिंह गंजीर, बलराम हिरवानी, तोमन साहू, गोविंद साहू, नंदनी साहू, जीवन साहू सहित भुलनडबरी, बोरतरा, तार्री, गुरुर के लोग अधिक संख्या में उपस्थित थे।

# पीएम आवासों में सोख्ता गड्ढा अनिवार्य रूप से बनवाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर जल संरक्षण के उपायों के अंतर्गत जिले में चलाए जा रहे जल जतन अभियान के कार्यों की समीक्षा की।

■ कलेक्टर चंद्रवाल ने जल संरक्षण को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

इस दौरान उन्होंने जिले में अधिक से अधिक जल वाहिनी समितियों का गठन कर उन्हें सक्रिय करने तथा पानी के अपव्यय को रोकन हेतु प्रभावी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में चन्द्रवाल ने जिले में जल जतन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के उपाय सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, उप संचालक कृषि तथा जल संसाधन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, ग्रामीण सेवा यांत्रिकी आदि विभागों के कार्यपालन अभियंताओं के अलावा अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में चन्द्रवाल ने अधिकारियों को सरफेस वाटर का अधिक से अधिक उपयोग सुनिश्चित करने तथा नवनिर्मित एवं निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवासों में अनिवार्य रूप से सोख्ता गड्ढा का निर्माण कराने के भी निर्देश दिए। श्री चन्द्रवाल ने जिले में चलाए जा रहे जल जतन अभियान में आम जनता के अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने चौपाल लगाकर एवं दीवाल लेखन और नुक्कड़, नाटक आदि के माध्यम से जनता को पानी के सदुपयोग के लिए प्रेरित करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने महिला कमाण्डों की भी भागीदारी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने खरीफ एवं रबी दोनों सीजनों में किसानों को धान के बदले अन्य फसलों के पैदावार के लिए प्रेरित करने के भी निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने कृषि एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों से इस संबंध में किए गए उपायों के संबंध में भी जानकारी ली।

# ग्राम मटिया में चला जागरूकता अभियान



**अंडा।** शैलदेवी महाविद्यालय अंडा दुर्ग समाजकार्य विभाग के तत्वावधान में ग्राम मटिया में विभिन्न प्रकार से जागरूकता अभियान चलाया गया। सर्वप्रथम शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटिया के स्कूली बच्चों के साथ जल संरक्षण से संबंधित जागरुकता रैली निकाली गई। वहीं, पुष्पा चौधरी के मार्गदर्शन में कबाड़ से जुगाड़ बनाने की जानकारी दी गई।

शासकीय महाविधालय अर्जुन्दा की सहायक प्राध्यापक डा अरुणा साव ने समूह की महिलाओं और सभी विद्यार्थियों को बिहान समूह तथा सरकारी योजना के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि धारा पंकज चौधरी जनपद सदस्य ने कैरियर गाईडेंस से संबंधित एवं समाजिक चेतना जागरुकता के महत्व को परिभाषित किया। मटिया स्वास्थ्य केंद्र का अवलोकन किया गया। सीएचओ डा अराधना साहू ने स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी। पंचायत भवन में एफएलसीआर ने बिहान समूह की महिलाओं को योजनाओं के बारे में महिला संगठन बनाकर स्व रोजगार के साथ सरकारी सहायता की विस्तृत जानकारी दी। एमएसडब्ल्यू के छात्र छात्राओं के माध्यम से खेल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने मोमबत्ती जलाना और कुर्सी दौड़ में भाग लिया।

अंत में विजेताओं को सरपंच प्रतिनिधि पंकज चौधरी एवं सहायक प्राध्यापक ढाल सिंह साहू द्वारा पुरस्कार प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समाज कार्य विभाग से विनय कुमार, चंद्रशेखर, डामन, विकास, नम्रता, नेहा आरती सहित अनेक विद्यार्थी भी उपस्थित थे।

# एकलव्य कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**डौंडीलोहारा।** 29 मार्च को शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में संस्था के प्राचार्य डॉ. रोशन आरा के मार्गदर्शन में बी.ए. द्वितीय सेमेस्टर पर्यावरण अध्ययन के समस्त विद्यार्थियों को भोरमदेव, सहकारी मर्यादित शक्कर कारखाना कवर्धा, संगीत वि.वि. खैरागढ़ का शैक्षणिक एवं पर्यावरणीय भ्रमण कराया गया। इसका उद्देश्य छात्र-छात्राओं को भोरमदेव के शिव मंदिर, मड़वा महल व छेरकी महल की ऐतिहासिक व पर्यावरणीय जानकारी दी गई। कारखाना में गन्ना पेराई उत्पादन क्षमता, शक्कर तथा गुड़ निर्माण प्रक्रिया के साथ ही वहां पर काम करने वाले श्रमिकों की आर्थिक स्थिति की जानकारी प्राप्त की। साथ ही संगीत वि.वि. खैरागढ़ का भी भ्रमण करवाया गया। पर्यावरण अध्ययन के प्रभारी नंदकिशोर सिन्हा, नेहा ध्रुवे, सहा. प्राध्यापक, हलेश कुमार लिल्हारे, टेकराम नेताम एवं छात्र-छात्राओं का भी विशेष सहयोग रहा। यह भ्रमण छात्र-छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक, मनोरंजक व प्रेरक रहा।

# पानी की समस्या का तत्काल निराकरण करें

## साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने सभी विभागों के अधिकारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर जिले में निर्धारित समयावधि में शासकीय योजनाओं का समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

चन्द्रवाल संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा की बैठक में उपस्थित अधिकारियों को उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में श्री चन्द्रवाल ने विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मौजूदा ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी के प्रबंध की समस्या के निराकरण हेतु किए जा रहे उपायों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता को बेहतर योजना बनाकर पेयजल एवं निस्तारी हेतु पानी की समस्या का तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

इस दौरान चन्द्रवाल ने नशामुक्ति अभियान चलाने तथा मादक पदार्थों के अवैध बिक्री एवं परिवहन करने वालों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस, परिवहन एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को सुबह स्कूल खुलने एवं आवश्यकतानुसार अन्य समय में भारी वाहनों के नगर में प्रवेश को वर्जित करने के निर्देश भी दिए है। बैठक में कलेक्टर ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए ग्रीष्म काल में पेयजल की समस्या का निराकरण करने हेतु विभाग द्वारा हेल्पलाईन नंबर जारी कर किसी भी स्थान पर पेयजल के समस्या के संबंध में जानकारी प्राप्त होने पर उसका त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी–कर्मचारियों को नियमित रूप से फील्ड विजिट कर स्थिति पर नजर रखने को कहा।

बैठक में चन्द्रवाल ने आम जनता से प्राप्त मांगों एवं समस्याओं के त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने जिला प्रशासन द्वारा जारी किए गए व्हाट्सएप्प नंबर के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों के निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में चन्द्रवाल ने जिले के कोई भी पुराने शासकीय भवन बारिश के दौरान क्षतिग्रस्त न हो इसके लिए निर्माण कार्य से जुड़े विभागों के अधिकारियों की संयुक्त टीम बनाकर इन सभी भवनों का अनिवार्य रूप से भौतिक सत्यापन करने को कहा। इसके अलावा उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों से अपने अधीनस्थ सभी कार्यालयों में वाटर हार्वेस्टिंग लगाए जाने के संबंध में दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन के संबंध में भी जानकारी ली।

### शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरा में सामुदायिक सहभागिता से हो रहे अनेक कार्य

# शिक्षक की सोच और सकारात्मक पहल ने बदल दी विद्यालय की तस्वीर








हरिभूमि न्यूज ▶▶ डौंडीलोहारा

एक सकारात्मक सोच और उस सोच को हकीकत में बदलने के लिए तन और मन से सक्रियता के साथ काम करने का परिणाम शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरा में इन दिनों नजर आ रहा है। विद्यालय परिसर में दो वर्षों के अंदर चार लाख से अधिक के विकास कार्य कराए गए। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में काफी संख्या में समुदाय के साथ शाला में पौधारोपण, सांस्कृतिक गतिविधियां आदि भी शामिल हैं।

बच्चों के हाथ धोने के हैंडवाश स्टैंड और शाला में ओवरहैड टैंक से पाइप लाइन द्वारा शौचालय में पानी सप्लाई लागत 55000 रूपए तथा मध्यान्ह भोजन हेतु शेड निर्माण 65000 रूपए तथा शाला प्रांगण में 4500 वर्ग फीट में 250000 रूपए की लागत से पेवर ब्लाक बिछाने का कार्य शामिल है। इस कार्य योजना निर्माण में शिक्षक खेमंत साहू का विशेष मार्गदर्शन और प्रेरणा रहा है। खैरा के शिक्षकों द्वारा सामुदायिक सहभागिता संरचनात्मक और सामाजिक कार्य का बेहतरीन उदाहरण प्रस्तुत किया जा रहा है। इससके अंतर्गत पिछले दो वर्षों से रक्तदान शिविर और प्रति माह शाला में नेवता भोज का भी आयोजन किया जा रहा है। इस तरह समुदाय को शाला से जोड़ने का प्रयास भी किया जा रहा है। विकासखण्ड शिक्षाधिकारी द्वारा समय समय पर शाला का निरीक्षण और अवलोकन किया जाता रहा है उनके द्वारा भी शिक्षकों के इस कार्य को सराहनीय बताया गया।

**प्रधानपाठक कोलियारे ने दिया एक लाख रूपए का सहयोग :** इस संबंध में खेमन्त साहू से चर्चा करने पर उन्होंने बताया कि उपरोक्त कार्य परिणित करने में शाला के प्रधान पाठक प्रेम सिंह कोलियारे ने सर्वाधिक आर्थिक सहयोग एक लाख रुपए दिया है। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सुदामा गेंड्रे द्वारा 15000 रूपए और ग्राम पंचायत खैरा द्वारा एक लाख रूपए का सहयोग दिया गया। इसी प्रकार केशव सिहारे, खेमन्त साहू, टिकेश्वरी हरदेल,बरखा साहू द्वारा पांच-पांच हजार रुपए का सहयोग किया गया है।

साथ ही साथ ग्राम के वरिष्ठ नागरिक नसीब साहू द्वारा दस हजार रुपए, शाला प्रबंधन समिति माध्यमिक शाला खैरा एक हजार, दीपक साहू एक हजार, विश्वासा बाई मानिकपुरी (ग्राम कोटवार) दो हजार, तिरैंद्र कुमार साहू (संकुल समन्वयक) दो हजार, रामसिंह खरे 1000 कांति बाई 1000 रुपए का सहयोग प्राप्त हुआ।

### पूर्व शाला सेम्हरडीह में भी सामुदायिक सहभागिता से कराए लाखों के विकास कार्य

संस्था के प्रधानपाठक प्रेम सिंह कोलियारे ने बताया कि शिक्षक खेमंत साहू का शाला के प्रति समर्पण, सहयोग, निस्वार्थ सेवा से प्रेरित होकर यथासंभव सहयोग किया और भविष्य में शाला की सभी आवश्यकताओं को पूरा कर समस्यायों को दूर करने का प्रयास जा रहा है। खेमंत साहू ने अपने पूर्व शाला सेम्हरडीह में भी सामुदायिक सहभागिता से लाखों का विकास कार्य कराया है, जिसका लाभ यहां भी मिल रहा है।

शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और पूर्व पंचायत प्रतिनिधि राजिंदर भुआर्य ने बताया कि शिक्षक खेमंत साहू पदस्थापना के बाद से ही विद्यालय में लगातार नवाचार कर रहे हैं। शाला के सौंदर्यीकरण में उनका विशेष मार्गदर्शन और सहयोग रहा है आगे भी हम सभी मिलकर शाला के विकास के लिए काम करेंगे। प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक सुदामा गेंड्रे ने बताया कि दोनों शाला में सामंजस्य स्थापित कर मिलजुलकर शाला के विकास के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

# मई के पहले सप्ताह में आ सकता है बोर्ड का रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं संपन्न होने के बाद मूल्यांकन की प्रक्रिया जारी हैं। आगामी दिनों मूल्यांकन के समाप्त होने के बाद 10वीं और 12वीं का रिजल्ट मई के पहले या दूसरे सप्ताह में जारी हो सकता है।

■ मई महीने में जारी होगा बोर्ड परीक्षा का रिजल्ट

दसवीं-बारहवीं बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन आदर्श कन्या स्कूल तथा सेजस दीपक नगर में 26 मार्च से शुरू हो गया। उत्तर पुस्तिका को सुरक्षा के बीच रखा गया है। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करने के लिए 10वीं में 124 और 12वीं में 85 प्राचार्य तथा लेक्चरर की ड्यूटी लगाई गई है।

### थोक में आ रही उत्तर पुस्तिका

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा दसवीं व बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं का मूल्यांकन जारी है। जहां मूल्यांकन कार्य में पहले चरण में 10वी में 36 हजार 887 उत्तर पुस्तिकाओं और 12वीं में 21 हजार 405 उत्तर पुस्तिकाओं आई है। जिसमे अब तक 10वीं में 63% और 12वीं में 73% के कॉपियों का मूल्यांकन कर लिया गया है। दूसरे चरण में 10वीं और 12वीं के लिए 10 हजार 862 उत्तर पुस्तिकाओं आई है। जिसका मूल्यांकन जारी है। दीपक नगर में 10वीं में 20 हजार 567 और 12वीं में 34 हजार 472 उत्तर पुस्तिकाएं आई थी, वही आदर्श कन्या स्कूल में 10वीं में 36 हजार 887 और 12वीं में 21 हजार 405 उत्तर पुस्तिकाएं आई है।

## भावना व किशन एकलव्य विद्यालय के लिए चयनित



**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक शाला रानाखुज्जी से भावना एवं किशन कुमार का चयन एकलव्य विद्यालय में प्रवेश के लिए हुआ है। इस पर संकुल प्राचार्य आरके इंदौरिया, संकुल समन्वयक भागवत इंदौरिया सेजेस रानाखुज्जी व्याख्याता बीएस बढ़ेन्द्र, सपना ठाकुर, पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक सेमराय ठाकुर, प्राथमिक प्रधान पाठक बलराम सिंह सोनकर, सरपंच पोषण बाई तारम, शाला विकास समिति के अध्यक्ष गीता साहू सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

## वायर राड मिल में स्वच्छता पखवाड़ा

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मर्चेंट एवं वायर राड मिल (एमडब्ल्यूआरएम) में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। मुख्य अतिथि मुनीश कुमार गोयल थे। कार्यक्रम में सफाई के लिए जागरु किया गया। श्री मुनीस ने कहा कि स्वच्छता पहल को अल्पकालिक अभियानों तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए बल्कि दैनिक जीवन में एक सतत प्रयास बनाना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों तथा ठेका श्रमिकों को जीवन के सभी क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का आयोजन एचआर मिल्स जोन–1 विभाग और एमडब्ल्यूआरएम द्वारा किया गया।

HEALTH TOWN
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### सेवा पखवाड़ा की तैयारियों को लेकर भाजपा की बैठक आज

**गुरूर।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस 6 अप्रैल से डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयंती 14 अप्रैल तक सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में भाजपा मंडल गुरुर की बैठक 4 अप्रैल को दोपहर 03 बजे से रखी गई है। इस अवसर पर नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष आनंद शर्मा पदभार ग्रहण भी करेंगे। बैठक में मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद पवन साहू उपस्थित रहेंगे। निवर्तमान मंडल अध्यक्ष गुरुर कौशल साहू, मंडल अध्यक्ष गुरुर आनंद शर्मा, संयोजक मंडल गुरुर प्रेमसाय कलिहारी, धर्मेंद्र साहू, चंद्रिका गंजीर ने बताया कि बैठक में मंडल गुरुर में निवासरत समस्त प्रदेश पदाधिकारी, जिला, मंडल पदाधिकारी तथा शक्ति केंद्र के संयोजक, सह संयोजक, जिला पंचायत सदस्य, नगर पंचायत गुरुर अध्यक्ष एवं पार्षद सहित सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### तीरंदाजी व फुटबॉल के लिए चयन ट्रायल 21 से

**बालोद।** आवासीय खेल अकादमी रायपुर द्वारा चयन ट्रायल की तिथि घोषित कर दी गई है। इसके अंतर्गत तीरंदाजी में बालक एवं बालिका तथा फुटबॉल में बालिका वर्ग के लिए चयन ट्रायल 21 से 23 अप्रैल तथा हॉकी एवं फुटबॉल में बालक एवं बालिका वर्ग के लिए चयन ट्रायल 25 से 27 अप्रैल तक आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर एवं प्रभारी जिला खेल अधिकारी चन्द्रकांत कौशिक ने बताया कि तीरंदाजी एवं फुटबॉल के लिए 21 अप्रैल को पंजीयन, 22 को शारीरिक दक्षता परीक्षण तथा 23 को कौशल दक्षता परीक्षण किया जाएगा। इसी तरह हॉकी एवं एथेलेटिक्स अंतर्गत 25 अप्रैल को पंजीयन, 26 को शारीरिक दक्षता परीक्षण तथा 27 को कौशल दक्षता परीक्षण किया जाएगा।
उन्होंने बताया कि जिले में 13 से 17 वर्ष आयु वर्ग के संबंधित खेल में उपलब्धि धारक 05 बालक एवं 05 बालिकाएं अधिकतम 10 खिलाड़ी दल प्रबंधक के साथ शामिल होंगे। चयन ट्रायल में जिलों से सहभागिता करने वाले खिलाड़ियों के लिए आवास एवं भोजन की व्यवस्था आयोजन स्थल पर की गई है।

### पावर हाउस में चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** छावनी थाना अंतर्गत पावर हाउस चौक स्थित सी मार्ट के पास खंडहर में चाकू लहराते और लोगों को धमकाते एक युवक को पुलिस ने पकड़ा। आरोपी अहमद नगर निवासी शाहिल पिता सलीम खान (23 वर्ष) बताया गया है।

**नवरात्रि : प्रतिदिन सुबह शाम पूजा आरती कर सेवा गीतों की दी जा रही प्रस्तुति**

# देवी मंदिरों में जगमगा रहे जोत, पंचमी पर माता का किया विशेष श्रृंगार, दर्शन करने उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में बुधवार को पंचमी पर्व बड़े ही धूम-धाम से मनाई गई। संध्या कालीन आरती के बाद माता रानी का विशेष श्रृंगार किया गया। दरबार के लक्ष्मण बाबा, नंद पंडा मनोज पटेल भोलू साहू राजू यादव मनसुखा साहू ने विधी विधान के साथ कलश चढ़ाकर माता जी का श्रृंगार किया।

लक्ष्मण बाबा जी ने बताया कि पंचमी के दिन सुबह से ही दरबार में भक्तों का तांता लगा रहा। खीर पूड़ी चुनरी हार फूल नारियल लेकर भक्त दरबार पहुंचे और माता रानी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने बताया कि नवरात्रि के अवसर पर प्रतिदिन गुलाब साहू एवं हेमंत साहू की मंडली द्वारा माता सेवा का कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जा रही है। उन्होंने बताया कि रात्रि में ज्योति जंवारा दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्तों का मेला लगा रहता है। उन्होंने बताया कि पूरी नवरात्रि पर गांव के साथ ही आस पास के गांवों के लोग भी माता रानी की सेवा में लगे हुए हैं।

**धनोरा दुर्ग स्थित बाबा दरबार में कई राज्यों के श्रद्धालुओं ने जलवाए जोत**



### छत्तीसगढ़ के अलावा दूसरे राज्यों के श्रद्धालुओं ने भी जलवाए जोत

लक्ष्मण बाबा ने बताया कि इस दरबार में भक्तों द्वारा 171 मनोकामना पूर्ण ज्योति प्रज्ज्वलित की गई है। लक्ष्मण बाबा ने बताया कि इस वर्ष भी बैंगलोर, उत्तरप्रदेश, अमेरिका, महाराष्ट्र, नागपुर, राजनांदगांव, रायपुर, बालोद दल्लीराजहरा, धमतरी, दुर्ग, बेमेतरा आदि जगहों के भक्तों ने भी यहां पर ज्योति प्रज्ज्वलित करवाए हैं।

### अष्टमी हवन कल

लक्ष्मण बाबा ने बताया कि शनिवार को शाम 4 बजे से हवन अष्टमी होगा। रविवार को शाम 4 बजे दरबार से ज्योति कलश निकाल कर गांव में भ्रमण करते हुए शीतला तालाब पहुंचेंगे, जहां विसर्जन किया जाएगा। मुख्य रूप से दरबार में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विनोद साहू राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू रायपुरिहा भोलू खिलेशवर चीन्टू साहू मुनना गंधर्व जीवराखन ठेकेदार बाबु लाल साहू मारियल कुंभकरण पटेल वासुदेव स्प्रे सुनील कहार सुंदर स्प्रे दिनेश साहू सहित बड़ी संख्या में लोग सेवा दे रहे हैं।

### जिपं सदस्य राजाराम ने क्षेत्र के देवी मंदिरों में पहुंचकर की पूजा-अर्चना

**डौंडीलोहारा।** चैत्र नवरात्रि की पंचमी तिथि पर जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 8 के नवनिर्वाचित सदस्य राजाराम तारम अपने निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न गांवों में जाकर मां शीतला की पूजा अर्चना कर सभी के लिए सुख-समृद्धि व शांति की कामना की। उन्होंने अरजपुरी दंतेश्वरी मंदिर,भीमपुरी शीतला मंदिर नीचे पारा और ऊपर पारा,चेंन्द्री बांधा बाबा मंदिर, जुन्नापानी दंतेश्वरी मंदिर, श्री मंन्तू बाबा मंदिर कमकापार पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणदेवस्थलों में पूजा अर्चना करने पहुंचे। साथ में गोविंद चन्द्राकर विधायक प्रतिनिधि, गणेश रात्रे, कुंजलाल मेश्राम, दराज खान,हलधर खांडेकर, श्रीमती छबिला सिन्हा, रामेश्वर साहू सभी ने माता रानी से आशीर्वाद लिया। शाम को भैंसबोड़ में मानस चौपाल मानस महाकुंभ बासंती नवरात्रि, प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पंचम दिवस के उद्घाटन समारोह में पूजा के फूल मानस परिवार जंजगीरी के मानस पुत्रों का तिलक अभिषेक कर स्वागत किया गया। इस मंच पर विगत 4 वर्षों से श्रीमानस गंगा समिति द्वारा मानस चौपाल का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में उपस्थित श्री तारम को आयोजन समिति ने प्रशस्ति-पत्र श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। तुलाराम कोसमा, गजेन्द्र रावटे, के आर ठाकुर, घनाराम ठाकुर व आयोजन समिति के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थे।







### विधायक संगीता ने मां शीतला के दर्शन कर लिया आशीर्वाद



**गुरूर।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर जहां हर तरफ मां के जयकारों के साथ भक्त माता के दर्शन के लिए मंदिरों में उमड़ रहे हैं। इस बीच नगर के शीतला माता मंदिर में विधायक संगीता सिन्हा भी दर्शन के लिए पहुंचीं। उन्होंने माता शीतला के दर्शन कर क्षेत्र के लोगों के लिए सुख-समृद्धि, शांति व खुशहाली की कामना की। इस दौरान विधायक के साथ कार्यकर्ता भी माता के दर्शन के लिए पहुंचे।

### प्राचीन दंतेश्वरी मंदिर में पंचमी पर किया गया विशेष श्रृंगार

**बालोद।** वार्ड नंबर 5 बालोद के प्राचीन दंतेश्वरी मंदिर में नवरात्रि पर्व पर मोहल्लेवासी के सहयोग से ज्योति स्थापना रविवार को वैदिक मंत्र से पूजा पाठ किया गया। पंचमी पर माता का श्रृंगार कर त्रिशूल बाना की पूजा-अर्चना की गई। ज्योति स्थापना और पूजा आरपी यादव, आचार्य गायत्री मंदिर द्वारा की गई। दंतेश्वरी मंदिर पांडे पारा के सियान रामप्रसाद यादव ने समिति के पदाधिकारी तथा मोहल्लेवासी को आमंत्रित किया है।






## देवी मंदिरों में जगमगा रहीं आस्था की ज्योति माता सेवा और दर्शन को उमड़ रहे श्रद्धालु

**डौंडीलोहारा।** वनांचल के अंतिम छोर पर बसे ग्राम जुन्नापानी स्थित दंतेश्वरी मंदिर में 117 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गयी हैं। पुरातन समय से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर में नवरात्रि पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। ग्राम के निवासियों में अनुपम श्रद्धा और भक्ति देखने को मिल रही है। इस मंदिर में दोनों नवरात्रि में ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की जाती है। सभी गांव के अलावा अन्य ग्राम के भक्तों के द्वारा श्रद्धा के जोत जलाए गए हैं। मंदिर में संध्या काल के समय ग्रामवासी मां दंतेश्वरी की पूजा अर्चना में शामिल होते हैं। उसके बाद जस सेवा भजन मंडली द्वारा गीत गाकर सेवा भाव अर्पित करते हैं। समय-समय पर आंचल के जस गीत मंडली वाले सेवा देने के लिए मां के दरबार में आकर जस गायन करते हैं। प्रतिदिन आसपास के हजारों श्रद्धालु मां के दरबार में आकर जस गायन करते हैं। प्रतिदिन आसपास के हजारों श्रद्धालुओं की मां के दरबार में भीड़ लगी रहती है एवं आस्था प्रकट करते हुए मनोकामना करते हैं। ग्रामीण प्रतिनिधि नेमन साहू ने बताया कि इस चैत्र नवरात्रि उत्सव के संचालनकर्ता संरक्षक चंद्रशेखर सुखतेल ग्राम पटेल, अध्यक्ष बृजलाल पवरे, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र सलामे, सचिव ओम प्रकाश यादव, सदस्य मदन खांडेकर, हरीराम साहू, अंगद सांडिल, रविंद्र उर्वासा, रूपराम यादव, भागीरथी यादव, मुख्य देव सेवक धनेश राम कुंजाम, सहयोगी माखन कोमरे, मोहन साहू, कनक, लखेन्दर साहू, भोला कुलदीप,ओम प्रकाश यादव समिति के सदस्य हैं।

■ जुन्नापानी स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर में 117 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित





## पाटेश्वर धाम में रामनवमी महोत्सव पर हो रहा सत्संग



**गुण्डरदेही।** पाटेश्वर धाम में चल रहे रामनवमी महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन मानस मंडलियों द्वारा आध्यात्मिक सत्संग प्रवचन का कार्यक्रम हो रहा है। इसके अंतर्गत कवि केशव राम साहू गुण्डरदेही, वीरेंद्र अजनबी लोहारा, तोषण चूरेंद्र धनगांव ने कविता पाठ किया। कवियों ने आश्रम के अंतर्गत चल रहे विभिन्न प्रकल्प कौशल्या मंदिर निर्माण, गौशाला सीता रसोई, बागवानी एवं श्री राम बालक दास जी के गो भक्ति तथा आध्यात्मिक गतिविधियों के विषय पर रचना पाठ किया।

## सशिमं खर्रा के आचार्यों व भैया बहनों ने हिंदू नववर्ष पर निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा में हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ अवसर पर शोभायात्रा निकाली गई।

विद्यालय परिवार के भैया-बहनों ने हाथों में भगवा ध्वज लिए भजन, गीत गाते एवं ओजस्वी नारे लगाते हुए गांव की गलियों का भ्रमण किया। देव दर्शन के अंतर्गत माता शीतला मंदिर, भगवा शंकर मंदिर सहित अन्य देवालयों में पूजा कर आशीर्वाद लिया गया। प्रधानाचार्य फलदेव साहू ने सभी को हिंदू नववर्ष की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। सुखीत राम कलिहारी वरिष्ठ आचार्य ने हिंदू नववर्ष मनाने के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विक्रम संवत का शुभारंभ ईसवी सन से 56 वर्ष पहले से प्रारंभ हुआ है। इसी दिन सम्राट विक्रमादित्य शकों को पराजित कर उज्जैन के राजा बने थे। इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि का शुभारंभ किया। भगवान राम का राज्याभिषेक, संत झूलेलाल की जयंती, महर्षि दयानंद द्वारा आर्य समाज की स्थापना एवं चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ होता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आचार्य परिवार कामता प्रसाद साहू, मनोहर कुमार साहू, दीदी चितेश्वरी साहू, लिलेश्वरी साहू, टुमेश्वरी पटेल, छबिलता पटेल, रंजना सिन्हा बाल भारती एवं शिशु भारती के पदाधिकारियों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।




### सशिमं खर्रा की हिमांशी तृतीय



**गुरूर।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय खर्रा की कक्षा षष्ठ की छात्रा हिमांशी ठाकुर ने भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा 2024-25 में बालोद जिला में तृतीय स्थान प्राप्त किया है। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रकोष्ठ जिला बालोद द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में हिमांशी ठाकुर को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं नगद राशि और श्रीफल प्रदान कर सम्मानित किया गया। हिमांशी ठाकुर की इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य फलदेव साहू सहित सभी आचार्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

**महिला कमांडो ने गंगा मैया मंदिर झलमला में निकाली जागरुकता रैली**

## बालोद को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने की पहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

बाल विवाह मुक्त जिला बालोद बनाने के लिए महिला कमांडो ने गंगा मैया मंदिर झलमला में कार्यक्रम का आयोजन किया।

महिला कमांडो अपने अपने गांव में घर–घर संपर्क कर लोगों से यह आग्रह कर रही हैं कि अपनी लड़की की शादी की उम्र 18 एवं लड़के की शादी 21 वर्ष की उम्र पर होने के बाद ही करें और एक जागरूक नागरिक होने का दायित्व पूरा करें। इस संदर्भ में गंगा मैया मंदिर झलमला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत रैली निकालकर तथा लोगों से संपर्क कर उन्हें बाल विवाह नहीं करने तथा सही उम्र में ही विवाह के लिए जागरूक किया गया। पद्म शमशाद बेगम ने सर्व महिला कमांडो को शपथ दिलाई कि जब तक हमारी बेटी की उम्र 18 वर्ष एवं बेटे की उम्र 21 वर्ष नहीं हो जाती, तब तक उसका विवाह हरगिज़ नहीं करेंगे और और नहीं लोगों को करने देंगे और बालोद जिले को बाल विवाह मुक्त जिला बनाकर ही दम लेंगे। यामिनी देशमुख ने कहा कि हमारी नजरें गांवों में होने वाले विवाह कार्यक्रमों पर है, कि बाल विवाह न होने पाएं और लोग स्वयं ही सही उम्र पर अपने बच्चों का विवाह कराएं। महिला कमांडो कहती हैं कि हमारा उद्देश्य लोगों को जागरूक करने का है, इसलिए हम लोगों को विवाह के लिए युवक-युवतियों की सही उम्र की जानकारी दे रहे हैं। इस अवसर पर भीमेश्वरी शांडिल्य, सरस्वती साहू, जागेश्वरी मंजू साहू, आशा का विशेष सहयोग रहा।




तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, एक्जिमा, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई से 03 जून 2025, 06 जून से 17 जून 2025, 25 जुलाई से 05 अगस्त (सावन में) (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411